# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 23.03.2025** **समय : 0705**

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष ने कहा है– भारत का दो हजार पैंतीस में अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा।**
- **पशुपालन और पशुचिकित्सा सेवा विभाग ने पक्षियों का नियमित टीकाकरण अनिवार्य किया है।**
- **भारतीय सेना में अग्निवीर के लिए आवेदन प्रकिया शुरू हो गई है।।**
- **बंगाली क्लब में चल रहे पांच दिवसीय पुस्तक मेले का आज समापन होगा।**

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा है कि संगठन किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजने और वहां से सुरक्षित वापस लाने के अभियान पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का वर्ष–2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। इसरो अध्यक्ष ने जालंधर में लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय की आठवीं छात्र संसद को संबोधित किया। उन्होंने हाल ही में नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विल्यम्स और बुच विलमोर की सुरक्षित वापसी पर कहा कि हमें अपने अभियानां की सफलता के लिए दूसरों से सीखना होगा। उन्होंने छात्रों को भारत की संभावनाओं पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

ग्रामीण क्षेत्र में पॉल्ट्री पालन की स्थिरता और उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए पक्षियों का नियमित टीकाकरण अनिवार्य है। इसी उद्देश्य से पशुपालन और पशुचिकित्सा सेवा विभाग ने हर सोमवार सुबह नौ बजे गोलघर के वेटनरी अस्पताल में पॉल्ट्री पक्षियों को टीकाकरण कराने की व्यवस्था की है। इस टीकाकरण से पॉल्ट्री पक्षियों को घातक बीमारियों से बचाया जा सकता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान से भी राहत मिलेगी। विभाग ने सभी ग्रामीण पॉल्ट्री पालकों से आग्रह किया है कि वे अपने पक्षियों का लाकर इस अभियान का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान का कृषि विभाग नियमित रूप से किसानों के खेतों में कीट और रोग संक्रमण की निगरानी करता है, ताकि कीटों और रोगों की घटनाओं की समस्या से निपटा जा सके। मौजूदा मौसम की स्थिति प्रमुख फसलों, विशेष रूप से नारियल और सुपारी में कीटों के संक्रमण के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करती है, जिससे पौधे कमजोर हो जाते हैं। कृषि विभाग इन कीटों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। इन कीटों के प्रभावी नियंत्रण के लिए बड़े पैमाने पर दवाओं का छिड़काव किया गया। कीटों के प्रभावी नियंत्रण के लिए पी आर आई और किसानों को सलाह भी जारी की गई। किसी भी जानकारी के लिए किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे क्षेत्रीय कृषि कार्यालय के अधिकारियों से संपर्क करें।

<><><><><><><>

श्री सुब्बाराव उप–महानिदेशक ने आकाशवाणी और दूरदर्शन श्री विजयपुरम के कलस्टर प्रमुख व अध्यक्ष एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस तबादले से पहले वे विशाखापत्तनम में इसी पद पर सेवा दे चुके है।

<><><><><><><>

निकोबार जिले के जोगिंदर नगर के एंडरसन–बे बीच पर पर्यावरण एवं वन विभाग के निकोबार प्रभाग ने कल कछुआ महोत्सव के आयोजन के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य कछुआ संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और समुद्री कछुओं के संरक्षण के प्रति लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विभाग द्वारा की जाने वाली संरक्षण गतिविधियों और इस तरह के महोत्सव के आयोजन के उद्देश्य के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लक्ष्मीनगर पंचायत, पी एच सी यूनिट, कैंपबेल–बे, ए पी डब्ल्यू डी विभाग के प्रतिनिधियों के साथ–साथ पंचायती राज सदस्यों और जोगिंदर गांव के स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विजयनगर स्कूल के लगभग दस छात्र और दस शिक्षक भी शामिल हुए। प्रतिभागियों और स्कूली छात्रों द्वारा कुल मिलाकर लगभग छह सौ ओलिव रिडले समुद्री कछुए को सुरक्षित रूप से समुद्र में छोड़ा गया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग निकोबारी समुदाय की भाषा, परम्पराओं और पहचान को संरक्षित करने के उद्देश्य से एक पुस्तक प्रकाशित करने जा रहा है, जो समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें निकोबार जिले के छात्र, शिक्षक, जनजातीय सदस्य और सरकारी कर्मचारी भाग ले सकेंगे। लोक कथाएं और लोक गीत श्रेणियों में प्रतिभागियों की प्रविष्टियां निकोबारी भाषा में होगी, जिनका अंग्रेजी या हिन्दी में अनुवाद अनिवार्य होगा। विजेताओं को दस हजार, आठ हजार और पांच हजार के नकद पुरस्कार मिलेंगे, जबकि दो हजार रूपए के पांच सांत्वना पुरस्कार होंगे। सभी प्रमाणित प्रविष्टियां एक पुस्तक में संकलित की जाएगी, जिसे एक मई दो हजार पच्चीस को प्रकाशित किया जाएगा। प्रतियोगिता शुरू हो चुकी है, जो इक्तीस मार्च तक चलेगी। यह पहल निकोबारी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी।

<><><><><><><>

भारतीय सेना में अग्निवीर पुरूष एवं महिला भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। भर्ती वर्ष 2025–26 के लिए दस अप्रैल दो हजार पच्चीस तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती द्वीपसमूह के युवाओं के लिए भी आयोजित की जा रही है। इस भर्ती के तहत विभिन्न पदो ंके लिए आवेदन मांगे गए है। इच्छुक उम्मीदवार अधिकतम दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन केवल भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic. in पर किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा जून माह में आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट देखा जा सकता है।

<><><><><><><>

अतुल स्मृति समिति बंगाली क्लब में चल रहे पुस्तक मेले में प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत कल इस विशेष उत्सव में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गय, जिसमें विभिन्न कवियो ने अपनी भावनात्मक और प्रेरणादायक रचनाएं प्रस्तुत की। इसके अलावा सिट एण्ड ड्रॉ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों और युवाओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। उन्नीस मार्च से चल रहे इस पुस्तक मेले का आज समापन होगा।

<><><><><><><>

भारतीय संचार निगम लिमिटेड श्री विजयपुरम ने चालू वित्त वर्ष के समापन को देखते हुए आज और तीस मार्च को मुख्य कैश कलेक्शन सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। ग्राहक इस अवसर का उपयोग अपने लंबित बिलों के भुगतान, के लिए रविवार को भी कैश काउंटर पर कर सकते हैं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा द्वीपसमूह में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पांच अप्रैल से फुटबॉल और वॉलीबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन नेताजी स्टेडियम और जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाडी तीन अप्रैल तक पंजीकरण करा सकते है। यह प्रक्रिया पहले आओं, पहले पाओं के आधार पर होगी। विजेता और उप–विजेता टीमों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के आयुष विभाग द्वारा विशेष होमियोपैथी शिविर का आयोजन किया गया। वन्डूक के आयुषग्राम में आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता, स्वास्थ्य जांच, रक्त परीक्षण, डॉ.क्टरों के परामर्श सेवाएं और होमियोपैथी दवाईयों को वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वन्डूर के प्रधान श्री अधीर दास ने किया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने आयुष द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना की। इस शिविर से लगभग सौ ग्रामीणों ने लाभ उठाया।

<><><><><><><>

आज जनता राशनकार्ड धारकों से कहा गया है कि एक अप्रैल से एफ पी एस संख्या छह तीन छह और दो शून्य सात में पंजीकृत सभी राशनकार्ड धारक अब एफ पी एस संख्या– चार नौ शून्य और एक शून्य नौ से अपना राशन प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>